( ),

कार्य विवरण:

क. राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तंबाकू उत्पाद परीक्षण और विनियमन घटकों के निष्पादन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय/ स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की सहायता करना;

ख. राष्ट्रीय तम्बाकू परीक्षण प्रयोगशालाओं की प्रभावी कार्यप्रणाली हेतु योजना बनाना और उन्हें कार्यान्वित करना;

ग. तंबाकू उत्पादों के लिए तंबाकू परीक्षण और डेटा बेस के निर्माण के लिए आवश्यक उपकरणों और अन्य तकनीकी सेवाओं की पहचान करना;

घ. एनटीटीएलएस द्वारा अपेक्षित उन्नत वैज्ञानिक उपकरणों के लिए तकनीकी विशिष्टताओं हेतु दस्तावेजों की तैयारी की निगरानी करना;

ङ. मानको, कार्यकारी मानक, आदि के प्रापण के लिए रणनीति तैयार करना।

च. स्थानीय रूप से उपलब्ध तंबाकू उत्पादों के परीक्षण के लिए मौजूदा एसओपी को अनुकूलित या संशोधित करना।

छ. परीक्षण सूचना को उत्पाद विनियमन में अंतरित करने से संबंधित इनपुट्स प्रदान करना।

ज. बड़े पैमाने पर यात्रा करने की क्षमता और इच्छा।

झ. पर्यवेक्षक अथवा फोकल बिंदु द्वारा प्रदान किए गए किसी अन्य कार्य और उत्तरदायित्व का निर्वहन करना ।

अर्हता और अनुभव:

अनिवार्य:

क) स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी कैरियर के साथ किसी एक में स्नातकोत्तर के दौरान निम्नलिखित संबंधित विशेषज्ञता i) रसायन विज्ञान ii) फार्मास्युटिकल रसायन विज्ञान iii) खाद्य रसायन विज्ञान iv) विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान के साथ पीएचडी

ख) व्यक्ति के पास कम से कम दस वर्ष का संस्थागत प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और प्रमुख वैज्ञानिक परियोजनाओं के निष्पादन में योग्यतोत्तर प्रगामी अनुभव होना चाहिए जो समान रूप में समीक्षा की गई पेशेवर पत्रिकाओं में शोध पत्र द्वारा प्रमाणित हो।

वांछनीय:

क) प्राकृतिक और सिंथेटिक मूल उत्पादों के लिए उन्नत सहायक प्रयोगशाला तकनीकों में अनुभव विशेषतःया तो भोजन, पोषण, फर्मास्यूटिकल अथवा कीटनाशकों में हो जिसमे सूक्ष्मजीव विज्ञानी तकनीकों और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली संबंधी प्रक्रियाओं का ज्ञान भी शामिल है।

ख) भारत सरकार की नीतियों, कार्यक्रम की प्राथमिकताओं और तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में विनियमनो की जानकारी को अधिक महत्व दिया जाएगा।

ज्ञान और कौशल:

क) उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों में अनुप्रयोग वैज्ञानिक के रूप में तकनीकी विशेषज्ञता।

ख) प्रयोगशाला गतिविधियों के अनुरूप अनुकूलनों, पद्धतियों, प्रक्रियाओं या मानक संचालन प्रक्रियाओं मे संशोधन और सत्यापन का ज्ञान।

ग) मानक संचालन प्रक्रियाओं और उनके अनुकूलन को राष्ट्रीय तंबाकू परीक्षण प्रयोगशालाओं में अंतरित करने की क्षमता।

घ) तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी विकास करने और ज्ञान के प्रसार का अनुभव।

ड़) मान्य वैज्ञानिक डेटा और व्याख्या सृजित करने के लिए अंतर-संस्थागत अनुसंधान और सहयोगी प्रयासों के संचालन की क्षमता।

च) सशक्त तकनीकी रिपोर्ट लिखने की क्षमता और उत्कृष्ट प्रस्तुति कौशल की क्षमता।
छ) एक समय-सीमा में काम करने की क्षमता के साथ पारस्परिक और प्रबंधन कौशल।
ज) कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जैसे एमएस-ऑफिस, एमएस-एक्सेल, केमड्रा, आदि के प्रयोग का कार्यसाधक ज्ञान।
झ) अंग्रेजी और हिंदी में अच्छा सम्प्रेषण कौशल।
ञ) बहु-विषयक दलों की योजना बनाने, आयोजन करने और निर्देश देने तथा समग्र प्रशासनिक आवश्यकताओं के लिए दल प्रबंधन तकनीकों का बेहतर कार्यकारी ज्ञान।
ट) राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में हाल ही की प्रगतियों पर सेमिनार, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
ठ) वर्गीकृत ज्ञान के सृजन, पेटेंट्स और बौद्धिक संपदा अधिकारों का ज्ञान।

पद की संख्या: एक
आयु: आवेदन की अंतिम तिथि को ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष।
पारिश्रमिक: रु. 1,00,000 / - प्रति माह (समेकित)। सरकारी दौरे पर टीए / डीए मौजूदा सरकारी मानदंडों के अनुसार प्रदान किया जाएगा।
अन्य शर्तें: भारत सरकार / स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मौजूदा निर्देशों के अनुसार।
संविदा की अवधि: 1 वर्ष और वार्षिक कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के आधार पर पारिश्रमिक में 5% की वृद्धि के साथ विस्तार योग्य।
स्थान: दिल्ली

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **11-Aug-2020** तक ntcp.recruitments@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।